**भारत सरकार**

**भारी उद्योग मंत्रालय**

**लोक सभा**

**तारांकित प्रश्न संख्या 107**

**11.02.2025 को उत्तर के लिए नियत**

**सरकारी उपक्रमों में रिक्त पद**

*107. **श्री कोडिकुन्नील सुरेश:**

क्या **भारी उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) देश में वर्तमान में सरकारी क्षेत्र के कुल कितने उपक्रम (पीएसयू) कार्यशील हैं;

(ख) वर्तमान में कितने पीएसयू में पूर्णकालिक अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक (सीएमडी) या निदेशक नहीं है;

(ग) ऐसे पीएसयू का ब्यौरा क्या है जहां ऐसे प्रमुख पद रिक्त हैं तथा ये पद कब से रिक्त हैं तथा इन पर नियुक्तियों में विलंब के क्या कारण हैं;

(घ) क्या सरकार ने इन पदों पर नियुक्ति की प्रक्रिया में तेजी लाने के लिए कदम उठाए हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ङ) ऐसे सरकारी क्षेत्र के उपक्रमों के कामकाज, इनमें निर्णय लिए जाने और इनके कार्य-निष्पादन पर इन रिक्त पदों का क्या प्रभाव पड़ा है; और

(च) क्या सरकार ने नियुक्तियों में बार-बार होने वाले विलंब की स्थिति को ठीक करने के लिए सुधार करने या त्वरित व्यवस्था आरंभ करने पर विचार किया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**भारी उद्योग मंत्री**

**(एच. डी. कुमारस्वामी)**

(क) से (च): विवरण सदन के पटल पर रख दिया गया है ।

**'सरकारी उपक्रमों में रिक्त पद' के संबंध में लोक सभा में 11.02.2025 को उत्तर के लिए नियत तारांकित प्रश्न संख्या 107 के उत्तर में संदर्भित विवरण**

(क): लोक उद्यम विभाग ने सूचित किया है कि 31.3.2024 तक 37 मंत्रालयों/विभागों में मंत्रालयों/विभागों के प्रशासनिक नियंत्रण के अंतर्गत 272 परिचालनरत केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उद्यम (सीपीएसई) हैं।

(ख) और (ग) : 25 मंत्रालयों/विभागों के प्रशासनिक नियंत्रण में 44 अनुसूचित परिचालनरत सीपीएसई हैं जिनके पास पूर्णकालिक अध्यक्ष/सीएमडी/एमडी या निदेशक नहीं हैं। अध्यक्ष/सीएमडी/एमडीया निदेशकों के पद की रिक्ति की तिथि दर्शाते हुए इन 44 सीपीएसई की सूची संलग्न है।

पूर्णकालिक बोर्ड स्तर के पदों को भरना एक सतत प्रक्रिया है। संबंधित प्रशासनिक मंत्रालय (एएम) लोक उद्यम चयन बोर्ड (पीईएसबी) से अनुरोध करता है, जो सीपीएसई के बोर्ड में (पूर्णकालिक सीएमडी/एमडी) सहित कार्यात्मक निदेशकों की नियुक्ति के लिए नामों का चयन और सिफारिश करने के लिए अधिकृत है, कि वह सीपीएसई में ऐसे बोर्ड स्तर के पदों को भरने के लिए चयन प्रक्रिया शुरू करे। पीईएसबी की सिफारिशें प्राप्त करने के बाद, संबंधित एएम निर्धारित औपचारिकताओं को पूरा करने के बाद सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन के लिए बोर्ड स्तर के पद को भरने के प्रस्ताव पर कार्रवाई करता है।

किसी भी समय, सीपीएसई में पूर्णकालिक कार्यात्मक निदेशकों के कुछ पद निम्नलिखित कारणों से रिक्त हो सकते हैं, (i) किसी पदधारी के त्यागपत्र/वर्टिकल शिफ्ट/कार्यकाल विस्तार न किए जाने के कारण अप्रत्याशित रिक्तियों का होना; (ii) उपयुक्त उम्मीदवारों की अनुपलब्धता, (iii) अदालती मामले, (iv) किसी विशेष बोर्ड स्तर के पद को स्थगित रखने का एएम का निर्णय।

(घ) से (च) : सरकार का यह निरंतर प्रयास है कि सीपीएसई में पूर्णकालिक बोर्ड स्तर के पदों को निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार समयबद्ध तरीके से भरा जाए। सरकार ने सीपीएसई में नियुक्ति, विस्तार/गैर-विस्तार और अतिरिक्त प्रभार व्यवस्था के प्रस्तावों पर कार्रवाई के लिए दिशा-निर्देश निर्धारित किए हैं। दिशा-निर्देशों के अनुसार, सेवानिवृत्ति से उत्पन्न होने वाली बोर्ड स्तर की रिक्तियों को भरने के लिए सिफारिशें आम तौर पर रिक्ति होने से छह महीने पहले पीईएसबी द्वारा भेजी जाती हैं। सरकार ने उपर्युक्त 44 सीपीएसई में अतिरिक्त प्रभार की व्यवस्था की है ताकि संबंधित सीपीएसई का नियमित कामकाज प्रभावित न हो।

संलग्नक

**पीएसयू की सूची जहां प्रमुख पद खाली हैं।**

| क्र.सं. | सीपीएसई का नाम | मंत्रालय | रिक्ति की तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | एएआई कार्गो लॉजिस्टिक्स एंड एलाइड सर्विसेज कंपनी लिमिटेड | नागर विमानन मंत्रालय | 01-03-2023 |
| 2 | बंगाल केमिकल्स & फार्मास्यूटिकल्स ल्टड. | फार्मास्यूटिकल्स विभाग | 01-10-2024 |
| 3 | भारत संचार निगम लिमिटेड | दूरसंचार विभाग | 15-07-2024 |
| 4 | ब्रह्मपुत्र वैली फर्टिलाइजर कॉर्पोरेशन लिमिटेड | उर्वरक विभाग | 29-12-2023 |
| 5 | सेंट्रल इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड. | वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान विभाग | एएम के साथ* |
| 6 | चेन्नई पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड | पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय | 17-07-2024 |
| 7 | एडसिल (इंडिया) लिमिटेड | उच्च शिक्षा विभाग | 01-12-2024 |
| 8 | हैवी इंजीनियरिंग कॉर्पोरेशन लिमिटेड | भारी उद्योग मंत्रालय | 01-01-2019 |
| 9 | हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड. | खान मंत्रालय | 01-08-2023 |
| 10 | हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड | पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय | 01-09-2024 |
| 11 | हिंदुस्तान प्रीफैब लिमिटेड. | आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय | एएम द्वारा आस्थगित रखा गया |
| 12 | हिंदुस्तान साल्ट्स लिमिटेड | भारी उद्योग मंत्रालय | एएम के साथ |
| 13 | एचएलएल लाइफकेयर लिमिटेड. | स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग | 27-03-2024 |
| 14 | एचएमटी (इंटरनेशनल) लिमिटेड | भारी उद्योग मंत्रालय | एएम द्वारा आस्थगित रखा गया |
| 15 | एचएमटी लिमिटेड. | भारी उद्योग मंत्रालय | 01-08-2021 |
| 16 | एचएमटी मशीन टूल्स लिमिटेड | भारी उद्योग मंत्रालय | एएम द्वारा आस्थगित रखा गया |
| 17 | भारत पर्यटन विकास निगम लिमिटेड | पर्यटन मंत्रालय | 01-09-2023 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 18 | इंस्ट्रूमेंटेशन लिमिटेड | भारी उद्योग मंत्रालय | एएम द्वारा आस्थगित रखा गया |
| 19 | आईआरईएल (इंडिया) लिमिटेड | परमाणु ऊर्जा विभाग | 01-12-2024 |
| 20 | कर्नाटक एंटीबायोटिक्स & फार्मास्यूटिकल्स लिमिटेड | औषध विभाग | 26-03-2024 |
| 21 | एमएमटीसी लिमिटेड | वाणिज्य विभाग | एएम द्वारा आस्थगित रखा गया |
| 22 | महानगर टेलीफोन निगम लिमिटेड | दूरसंचार विभाग | एएम द्वारा आस्थगित रखा गया |
| 23 | मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड | रक्षा उत्पादन विभाग | 01-02-2023 |
| 24 | मिश्र धातु निगम लिमिटेड | रक्षा उत्पादन विभाग | 01-03-2024 |
| 25 | राष्ट्रीय फिल्म विकास निगम लिमिटेड | सूचना और प्रसारण मंत्रालय | 25-04-2018 |
| 26 | राष्ट्रीय हथकरघा विकास निगम लिमिटेड | वस्त्र मंत्रालय | 01-12-2024 |
| 27 | नेशनल प्रोजेक्ट्स कंस्ट्रक्शन कारपोरेशन लिमिटेड | जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग | एएम द्वारा आस्थगित रखा गया |
| 28 | राष्ट्रीय अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम | सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग | 01-09-2024 |
| 29 | राष्ट्रीय बीज निगम लिमिटेड | कृषि अनुसंधान और शिक्षा विभाग | 01-10-2021 |
| 30 | नेशनल टेक्सटाइल कॉर्पोरेशन लिमिटेड | वस्त्र मंत्रालय | एएम द्वारा आस्थगित रखा गया |
| 31 | नेपा लिमिटेड. | भारी उद्योग मंत्रालय | 05-12-2023 |
| 32 | न्यूस्पेस इंडिया लिमिटेड | अंतरिक्ष विभाग | 06-02-2020 |
| 33 | एनएमडीसी लिमिटेड | इस्पात मंत्रालय | 29-06-2024 |
| 34 | उत्तर पूर्वी हस्तशिल्प और हथकरघा विकास निगम लिमिटेड | उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्रालय | 01-02-2025 |
| 35 | नॉर्थ ईस्टर्न इलेक्ट्रिक पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड | विद्युत मंत्रालय | 06-12-2024 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 36 | उड़ीसा मिनरल डेवलपमेंट कंपनी लिमिटेड | इस्पात मंत्रालय | एएम द्वारा आस्थगित रखा गया |
| 37 | प्रोजेक्ट्स एंड डेवलपमेंट इंडिया लिमिटेड | उर्वरक विभाग | एएम द्वारा आस्थगित रखा गया |
| 38 | राजस्थान इलेक्ट्रॉनिक्स एंड इंस्ट्रूमेंट्स लिमिटेड | भारी उद्योग मंत्रालय | 01-08-2024 |
| 39 | राष्ट्रीय इस्पात निगम लिमिटेड | इस्पात मंत्रालय | 01-12-2024 |
| 40 | रिचर्डसन एंड क्रुडास (1972) लिमिटेड | भारी उद्योग मंत्रालय | एएम द्वारा आस्थगित रखा गया |
| 41 | एसजेवीएन लिमिटेड | विद्युत मंत्रालय | 01-03-2024 |
| 42 | साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड | कोयला मंत्रालय | 01-02-2025 |
| 43 | फर्टिलाइजर्स एंड केमिकल्स (त्रावणकोर) लिमिटेड | उर्वरक विभाग | 02-02-2024 |
| 44 | यूरेनियम कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड | परमाणु ऊर्जा विभाग | 01-03-2024 |

*स्रोत:* पीईएसबी * प्रशासनिक मंत्रालय